# विश्व पैरा एथलेटिक्स जिन शीर्ष भारतीय एथलीटों पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली, 24 सितम्ब्र. भारत में पहली बार आयोजित हो रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 27 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगी. यह अब तक का सबसे बड़ा पैरा-एथलेटिक्स आयोजन है, जिसमें 104 देशों के 2,200 से अधिक एथलीट भाग लेंगे.पिछले एक दशक में पैरा खेलों में भारत एक उभरती हुई महाशक्ति बन गया है. 2012 के लंदन पैरालंपिक में सिर्फ एक पदक से लेकर पेरिस पैरालंपिक में सात स्वर्ण सहित 29 पदक जीतने तक, देश ने शानदार प्रगति की है. आगामी चैंपियनशिप में भारत 73 सदस्यीय टीम उतारेगा. यहां कुछ प्रमुख भारतीय पैरा एथलीटों के बारे में बताया गया है, जिन पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी.**

## दिल्ली में 73 सदस्यीय भारतीय दल करेगा चुनौती पेश ▶ 104 देशों के 2,200 एथलीट लेंगे भाग

### प्रीति पाल (100 मीटर, 200 मीटर टी35)



प्रीति पाल ट्रैक स्पर्धा में पैरालंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली एथलीट हैं. सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित इस एथलीट ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते. उन्हें आगामी खेलों में क्लब थ्रोअर धर्मबीर सिंह के साथ भारतीय दल का ध्वजवाहक भी चुना गया है.

### योगेश कथुनिया (डिस्कस थ्रो एफ56)



योगेश कथुनिया भारत के सबसे लगातार प्रदर्शन करने वाले पैरा एथलीटों में से एक हैं. उन्होंने 2020 के ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ56 स्पर्धा में रजत पदक जीता था. नौ साल की उम्र में उन्हें गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का पता चला था, जिसने उनकी गतिशीलता को प्रभावित किया.

### नवदीप सिंह (भाला फेंक एफ41)

हरियाणा के नवदीप बौनेपन से पीड़ित हैं.



टोक्यो पैरालंपिक में 60 सेंटीमीटर से कांस्य पदक से चूकने के बाद, उन्होंने अगले पैरालंपिक में पदक जीतने का वादा किया. उन्होंने अपना वादा पूरा किया और 47.32 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंककर न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि एफ41 वर्ग में पैरालंपिक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया.

### धर्मबीर सिंह (क्लब थ्रो एफ51)

धर्मबीर ने पेरिस पैरालंपिक में 34.92



मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता. यह थ्रो एशियाई रिकॉर्ड भी है. नहर में गोता लगाने के दौरान हुई एक दुर्घटना में वह कमर से नीचे लकवाग्रस्त हो गए थे. उन्हें भारतीय दल का ध्वजवाहक चुना गया है.

### सुमित अंतिल (भाला फेंक एफ64)



सुमित अंतिल ने 2020 और 2024 पैरालंपिक में भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में लगातार स्वर्ण पदक जीते हैं. वह 2015 में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में घुटने के नीचे से अपने बाएं पैर के विच्छेदन के कारण शारीरिक रूप से अक्षम हैं.

### निषाद कुमार (ऊंची कूद टी47)

24 साल के निषाद का प्रदर्शन बेहद



प्रभाव शाली रहा है, जिसमें दो पैरालंपिक रजत पदक भी शामिल हैं. उन्होंने 8 साल की उम्र में चारा काटने वाली मशीन से हुई एक दुर्घटना में अपना दाहिना हाथ खो दिया था.



# बंगलादेश को हराकर भारत एशिया कप के फाइनल में

- भारत ने 20 ओवरों में 6 विकेट पर 168 रन
- बंगलादेश 127 के स्कोर पर ढ़ेर हुआ

**दुबई, 24 सितम्बर. अभिषेक शर्मा (75), हार्दिक पांड्या (38) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने बुधवार को बंगलादेश को 41 रनों से हराकर एशिया कप के फाइनल में प्रवेश किया.**

169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और बुमराह ने दूसरे ही ओवर में तंजिद हसन (एक) को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई. इसके बाद परवेज हुसैन इमॉन ने सैफ हसन के साथ दूसरे विकेट लिए 42 रन जोड़े. सातवें ओवर में कुलदीप यादव ने परवेज हुसैन इमॉन (21) को आउटकर भारत को दूसरी सफलता दिलाई. इसके बाद भारतीय स्पिन गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेशी बल्लेबाज नतमस्तक नजर आये और एक के बाद अपने विकेट गंवाते चले गये. 10वें ओवरमें अक्षर पटेल ने मो तौहीद हृदोय (7) को आउट किया. हालांकि इस दौरान सैफ हुसन एक छोर थामे लगातार रन बनाते रहे. शमीम हुसैन (शून्य) और मोहम्मद सैफुद्दीन (चार) को वरुण चक्रवर्ती ने अपना शिकार बनाया. 17वें ओवर में कुलदीप ने रियाद हुसैन (दो) और तंजिम हसन साकिब (शून्य) को आउट किया. 18वें ओवर में बुमराह ने सैफ हसन को आउट कर भारत की जीत पक्की कर दी. सैफ हसन ने 51 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के लगाते हुए 69 रन बनाये. 20वें ओवर की तीसरी गेंद पर तिलक वर्मा ने मुस्तफिजुर रहमान (छह) को आउटकर बंगलादेश को 127 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया.

भारत की ओर कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिये. जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती को दो-दो विकेट मिले. अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया. इससे पहले भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने शुरुआत में ही लय बना ली थी और पावरप्ले में 72 रन बना लिए थे. अभिषेक ने अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रखते हुए 37 गेंदों पर 75 रन में छह चौके और पांच छक्के लगाए. शुभमन गिल ने 29 और हार्दिक पांड्या ने 38 रन बनाये. अक्षर पटेल 15 गेंदों में 10 रन बनाकर नाबाद रहे. भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 168 रन का स्कोर बनाया.

## मुंबई में जीसीएल सीजन 3 का ड्राफ्ट कल

**मुंबई.** भारत के तीन दिग्गज शतरंज खिलाड़ी-मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और युवा प्रतिभाशाली आर प्रज्ञानंद-26 सितंबर को मुंबई में ग्लोबल शतरंज लीग सीजन 3 के प्लेयर ड्राफ्ट में प्रमुख आकर्षण होंगे.टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल जीसीएल के तीसरे संस्करण में छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी. ये टीमें 17 देशों के 36 शीर्ष ग्रैंडमास्टर और उभरती प्रतिभाओं के पूल में से शक्तिशाली टीमें बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी. इस ड्राफ्ट में शामिल होने वाले अन्य प्रमुख नामों में दुनिया के दिग्गज हिकारू नाकामुरा, फैबियानो कारूआना, अलीरेज़ा फिरोज़ा, मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव, चार बार की महिला विश्व चैंपियन होउ यिफान और विश्व कप उपविजेता कोनेरू हम्पी शामिल हैं. अंडर-21 प्रोडिजी श्रेणी में उभरते सितारे वोलोडर मुर्ज़िन और मार्क एंड्रिया मौरिज़ी भी शामिल होंगे.

# टी20 रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा

## अभिषेक टॉप बल्लेबाज, वरुण और हार्दिक ने सुधारी रैंकिंग

**नई दिल्ली, 24 सितम्बर. आईसीसी की ताजा पुरुष टी20 रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार है. एशिया कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है. अभिषेक शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच जिताऊ 74 रन की पारी खेलकर बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहला स्थान मजबूत कर लिया है. वहीं, वरुण चक्रवर्ती ने पाकिस्तान के खिलाफ बिना कोई विकेट लिए भी किफायती गेंदबाजी करते हुए अपनी रैंकिंग में 14 रेटिंग अंक का सुधार किया है.**

एशिया कप में किए गए प्रदर्शन के बाद कई अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी बड़ा सुधार हुआ है. पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद 12 स्थानों की लंबी छलांग के साथ गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं. बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान भी 6 स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे हैं.



- तिलक वर्मा एक स्थान ऊपर, बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहुंचे तीसरे नंबर
- हार्दिक पांड्या बने नंबर-1 ऑलराउंडर, गेंदबाजों में पहुंचे 60वें स्थान

उनके साथी और बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा भी पाकिस्तान के खिलाफ 19 गेंदों में नाबाद 30 रन बनाकर एक स्थान के फायदे के साथ बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं. हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में हार्दिक पांड्या का शीर्ष स्थान कायम है, जबकि गेंदबाजों की रैंकिंग में वह 6 स्थान ऊपर चढ़कर 60वें नंबर पर आ गए हैं.

# जारा आनंद को डब्ल्यूपीजीटी में एक शॉट की बढ़त

**गुरुग्राम, 24 सितंबर. एमेच्योर खिलाड़ी जारा आनंद ने दो अंडर 70 के दिन का सर्वश्रेष्ट स्कोर के साथ बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 13वें चरण में दूसरे दौर में बाद एक शॉट की बढ़त बना ली.दो दौर के बाद जारा का कुल स्कोर पार 144 है.**

उन्होंने दूसरे दौर में पांच बर्डी की लेकिन तीन बोगी भी कर गई.जारा ने पहले दौर में बाद शीर्ष पर चल रहीं लावण्या जादोन (73-72) पर एक शॉट की बढ़त बना ली है. लावण्या ने तीन बर्डी की लेकिन इतनी ही बोगी भी कर गईं जिससे उन्होंने पार स्कोर बनाया.अनुभवी अमनदीप द्राल दूसरे दौर में 73 के स्कोर से कुल तीन ओवर 147 के स्कोर से तीसरे जबकि आस्था मदान चौथे स्थान पर है.युवा एमेच्योर खिलाड़ी अनन्या सूद और कीर्ति चौहान छह ओवर 150 के कुल स्कोर से संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं.

# यूरोपा लीग : नॉटिंघम फॉरेस्ट की तीन दशक बाद वापसी

**मैड्रिड. नॉटिंघम फॉरेस्ट तीन दशकों के लंबे इंतजार के बाद यूरोपीय फुटबॉल में वापसी कर रहा है. क्लब बुधवार को अपने यूरोपा लीग अभियान की शुरुआत स्पेन में रियाल बेटिस के खिलाफ करेगा. इससे पहले, टीम ने 1995-96 सीज़न में यूईएफए कप (मौजूदा यूरोपा लीग) के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी, जिसके बाद से वह किसी भी यूरोपीय प्रतियोगिता में नहीं खेली है.**



नॉटिंघम फॉरेस्ट के लिए यह मुकाबला काफी चुनौतीपूर्ण होने वाला है, क्योंकि टीम को नए कोच एन्गे पोस्टेकोग्लू के नेतृत्व में अभी भी पहली जीत की तलाश है. पूर्व टोटेनहम मैनेजर ने नूनो एस्पिरितो सैंटो की जगह ली थी.

# भारत -19 ने ऑस्ट्रेलिया को 51 रन से हराकर श्रृंखला जीती

**ब्रिस्बेन, 24 सितंबर.वैभव सूर्यवंशी के शानदार अर्धशतक और कप्तान आयुष म्हात्रे की कामचलाऊ ऑफ स्पिन गेंदबाजी से झटके तीन विकेट की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने बुधवार को यहां दूसरे युवा वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 51 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली.**



श्रृंखला का अंतिम मैच शुक्रवार को इयान हीली ओवल में खेला जाएगा.मध्यक्रम के बल्लेबाज जेडन ड्रेपर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 72 गेंद में 102 रन की पारी खेली, लेकिन 301 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 47.2 ओवर में 249 रन ही बना सकी. सूर्यवंशी (68 गेंद में 70 रन) ने भारतीय बल्लेबाजी आक्रमण की नींव रखी जब उनके साथी सलामी बल्लेबाज म्हात्रे दो गेंद खेलकर शून्य पर आउट हो गए.सूर्यवंशी ने विहान मल्होत्रा (70 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 117 रन जोड़कर भारत को ट्रैक पर वापसी कराई. पर सूर्यवंशी के आउट होने के बाद भारत की लय टूट गई. विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू (71 रन) ने अंतिम क्रम के बल्लेबाज़ों के साथ छोटी लेकिन अहम साझेदारियां करके स्कोर को चलायमान रखा जिससे भारतीय टीम 49.4 ओवर में 300 रन बनाकर ऑल आउट हो गई.



# बिग बैश लीग : अश्विन पहले भारतीय खिलाड़ी होंगे

**सिडनी, 24 सितम्बर. अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ऑस्ट्रेलिया की मशहूर बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सत्र में सिडनी थंडर के साथ जुड़ेंगे. इसके साथ ही, वह इस प्रतिष्ठित टी20 टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले पहले बड़े भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे.**

- सिडनी थंडर से जुड़ेंगे, 14 दिसंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट
- संन्यास के बाद अश्विन को विदेशी लीग में खेलने की मिली छूट

रिपोर्ट के अनुसार, 39 वर्षीय अश्विन, जिन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लिया है, ने सिडनी थंडर के साथ खेलने पर सहमति दे दी है. फ्रेंचाइजी इस हफ्ते के आखिर तक इस खबर की आधिकारिक घोषणा कर सकती है. अश्विन फिलहाल आईएलटी20 की नीलामी में भी शामिल हैं. बिग बैश लीग 14 दिसंबर से 18 जनवरी तक चलेगी, और आईएलटी20 लीग के 4 जनवरी को खत्म होने के बाद अश्विन सिडनी थंडर से जुड़ सकते हैं. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने खुद इस महीने अश्विन से संपर्क कर बीबीएल में उनकी भागीदारी पर चर्चा की थी. बीसीसीआई के नियमों के अनुसार, सक्रिय भारतीय खिलाड़ी विदेशी लीग में नहीं खेल सकते, जब तक कि वह राष्ट्रीय टीम या आईपीएल टीम से जुड़े हों.

## एशियाई खेल 2026 ▶ केवल पदक संभावित खिलाड़ियों को मिलेगी जगह

# खेल मंत्रालय ने खिलाड़ियों के चयन के लिए जारी किए नए मानदंड

- मापने योग्य खेलों में छठा स्थान न्यूनतम मानक
- गैर-मापने योग्य खेलों में एशियाई रैंकिंग आधार

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
सत्यमेव जयते

**नई दिल्ली, 24 सितम्बर. युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने एशियाई खेल 2026 और अन्य बहु-खेल आयोजनों में खिलाड़ियों और टीमों की भागीदारी के लिए नए चयन मानदंड जारी किए हैं. इन मानदंडों का मुख्य उद्देश्य एक पारदर्शी और न्यायसंगत ढांचा तैयार करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल उन्हीं एथलीटों को इन आयोजनों में भेजा जाए जिनके पास पदक जीतने की वास्तविक संभावना है.**

यह ढांचा मापने योग्य और गैर-मापने योग्य दोनों तरह की प्रतियोगिताओं के लिए मानक निर्धारित करता है. यह एशियाई खेलों, पैरा एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई इनडोर खेलों, एशियाई समुद्र तट खेलों, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेलों और राष्ट्रमंडल युवा खेलों जैसे प्रमुख आयोजनों में भागीदारी के निर्णय के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत होगा.

### गैर-मापने योग्य खेल

ऐसे खेल जिनमें नियमित रूप से विश्व रैंकिंग जारी होती है या सीनियर एशियाई चैंपियनशिप आयोजित की गई हो, खिलाड़ी को दल में तभी शामिल किया जाएगा जब उसने पिछले 12 महीनों के भीतर आयोजित अंतिम सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपने भार या स्पर्धा में छठा या उससे बेहतर स्थान प्राप्त किया हो, या उसकी विश्व रैंकिंग एशियाई देशों में शीर्ष 6 में शामिल हो.

हालांकि, ओलंपिक और ऐसी अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं, जहां खिलाड़ियों का चयन संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघों के योग्यता मानकों पर आधारित होता है, इसके दायरे में नहीं आएंगी.

**टीम खेलों के लिए मानक:** टीम खेलों (जैसे फुटबॉल, हॉकी) और टीम स्पर्धाओं के लिए, 12 महीने के भीतर आयोजित अंतिम सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में शीर्ष 8 में स्थान पाने वाली टीम या अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में एशियाई देशों में शीर्ष 8 में आने वाली टीम को एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए विचार किया जाएगा. यदि किसी विशिष्ट खेल या भारतीय खेल प्राधिकरण के विशेषज्ञों की राय के आधार पर उचित कारणों से किसी खिलाड़ी या टीम की भागीदारी की सिफारिश की जाती है.

किसी भी खिलाड़ी को भारतीय दल में तभी जगह मिलेगी जब उसने आगामी एशियाई खेलों से 12 महीने पहले आयोजित किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पिछले एशियाई खेलों के छठे स्थान के प्रदर्शन के बराबर या उससे बेहतर प्रदर्शन किया हो. यदि खेल पिछले एशियाई खेलों में शामिल नहीं था, तो चयन मानदंड आगामी एशियाई खेलों से 12 महीने पहले आयोजित सीनियर एशियाई चैंपियनशिप के समान मानकों पर आधारित होंगे.

# अप्रत्याशित खेल ही जीत की कुंजी

**बीजिंग, 24 सितम्बर. यूएस ओपन फाइनल में कार्लोस अल्काराज़ से हारने के बाद, इतालवी टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अपने खेल में कई बदलाव किए हैं. 24 साल के सिनर, जो अब विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हैं, ने कहा कि वह इस हार के बाद से अपने खेल में लगातार सुधार कर रहे हैं.**

यूएस ओपन फाइनल में अल्काराज़ के हाथों हारने के बाद सिनर ने स्वीकार किया था कि अपने प्रतिद्वंद्वी को हराने के लिए उन्हें अपने खेल को और अधिक अप्रत्याशित बनाना होगा. बीजिंग में चाइना ओपन से पहले, सिनर ने कहा, हमने बहुत कुछ सोचा है. उन्होंने यह भी बताया कि वह अपने खेल में कई छोटी-मोटी चीजें बदल रहे हैं, हालांकि उन्होंने इन



बदलावों का खुलासा नहीं किया. सिनर का मानना है कि इन बदलावों की वजह से शुरुआत में कुछ गलतियां हो सकती हैं. उन्होंने कहा, फिलहाल गलतियों की संख्या थोड़ी ज्यादा है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि इसका परिणाम बहुत सकारात्मक होगा. सिनर, जिन्होंने पिछले साल चाइना ओपन के फाइनल में अल्काराज़ से हार का सामना किया था, गुरुवार को क्रोएशिया के मारिन सिलिच के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा करने की कोशिश करेंगे.